BSES
BSES Rajdhani Power Limited
... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

संवाद

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने किया द्वारका में 500 किलोवॉट सोलर प्लांट का उद्घाटन

बीआरपीएल के सोलर सिटी पहल – सोलराइज द्वारका के तहत, द्वारका के सात सीजीएचएस में 506 किलोवॉट ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन किया गया। इससे उन सीजीएचएस के 700 से अधिक फ्लैट्स को लाभ होगा। इससे वहां एकसाथ 6.5 लाख यूनिट बिजली की बचत होगी। इससे सालाना 32 लाख रूपये की बचत हो सकेगी। इनमें से पांच सोसाइटियों ने रेस्को बिजनेस मॉडल का विकल्प चुना था। उन्हें 3.66 रूपये/केडब्लूएच की दर से सोलर इलेक्ट्रिसिटी मिलेगी। इसे सेकी और आईपीजीसीएल के प्रतियोगितात्मक बिडिंग के माध्यम से और जनरेशन आधारित इंसेंटिव के आधार पर तय किया गया है। इन सोसाइटियों को सोलर प्लांट के लिए पैसे लगाने की जरूरत नहीं है।

इन सोलर पावर प्लांट्स का उद्घाटन दिल्ली के माननीय मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल द्वारा माननीय विधायकगण श्री गुलाब सिंह, श्री नरेश बलियान, श्री राजेश रिषि और सुश्री भावना गौड़ की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। सीईओ श्री अमल सिन्हा के नेतृत्व में बीआरपीएल की सीनियर टीम भी वहां मौजूद थी।

बीआरपीएल लगाएगी 15 हजार पेड़

बीएसईएस पर्यावरण की कद्र करती है। बीआरपीएल और सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स यानी सीआरपीएफ ने एक साझेदारी की है। इसके तहत इस साल 15 हजार पौधे लगाए जाएंगे। इनमें से 5118 पौधे जुलाई 2018 में पश्चिमी दिल्ली के झड़ोदा कलां स्थित सीआरपीएफ कैंप में लगाए जा चुके हैं। पिछले साल भी बीआरपीएल ने 15 हजार पेड़ लगाए थे।

शॉपिंग के लिए कोई ट्रांजैक्शन फी नहीं

डिजिटल पेमेंट्स को बढ़ावा देने के लिए सरकार के प्रयासों के तहत, डेबिट कार्ड/भीम यूपीआई/आधार पर 2000 रूपये तक के भुगतान पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट पर छूट दे दी गई है। मतलब यह कि उपरोक्त रकम तक की शॉपिंग करने पर आपको ट्रांजैक्शन फी चार्ज नहीं की जाएगी। यह 1.1.2018 से लेकर अगले दो वर्ष तक लिए वैध रहेगा।

400 मेगावॉट सोलर पावर खरीदेगी बीआरपीएल

बीएसईएस दीर्घकालिक विकास के प्रति समर्पित है। बीआरपीएल कम कीमतों पर अक्षय ऊर्जा की खरीद करती रही है, ताकि उपभोक्ताओं पर उसका कम बोझ पड़े। 250 मेगावॉट विंड पावर की खरीद के लिए समझौता करने के बाद, अब बीआरपीएल ने सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया यानी सेकी के साथ एक और समझौता किया है, जिसके तहत उसे 400 मेगावॉट सोलर पावर मिलेगा। बिजली खरीद का यह समझौता 25 सालों के लिए है। अक्टूबर 2020 से यह सौर ऊर्जा मिलने की उम्मीद है। खास बात यह है कि एक ई–ऑक्शन के माध्यम से यह बिजली, 2.57 रूपये प्रति यूनिट की प्रतियोगितात्मक दर पर उपलब्ध होगी।

मोबाइल ऐप, टोल फ्री और हेल्पलाइन नंबरों जैसे सुविधाजनक माध्यमों से बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराएं

Available on the App Store | Available on the

टॉल फ्री 24x7
19123

कॉल 24x7
011-399 99 707

समर हेल्पलाइन
011- 33517100

आपातकालीन (आग व झटका)
1800 10 39707

अपने फीडबैक भेजें: कारपोरेट कम्युनिकेशन, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड, बीएसईएस भवन, नेहरु प्लेस, नयी दिल्ली–110019
CIN No.: U40109DL2001PLC111527, GSTIN.: 07AAGCS3187H2Z3 011 399-99-707/19123 www.bsesdelhi.com www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

संवाद में एडवरटाइज के लिए brpl.bd@relianceada.com पर ईमेल करें अथवा 8375010861 पर कॉल करें | बीआरपीएल राजधानी पावर लिमिटेड संवाद में प्रकाशित एडवरटिजमेंट के लिए कानूनी रुप से जिम्मेवार नही है।